**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 05.08.2025 समय : 1850

- भारत के पाँच दिवसीय दौरे पर आए फिलिपींस के राष्ट्रपति फर्डीनेन्ड आर. मार्कोस जूनियर ब्रह्मोस मिसाइल की सराहना की।
- अंडमान–निकोबार द्वीप समूह के भाजपा अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी के नेतृत्व में नई और मजबूत टीम का गठन किया गया।
- अंडमान–निकोबार कमांड के चीफ दिनेश सिंह राणा ने महावीर चक्र विजेता कैप्टन चंद्र नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर सैनिकों को सम्मानित किया।
- मिट्टी के अवैध खनन और डम्पिंग पर दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने की कड़ी कार्रवाई।

<><><><><><><>

फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर ने आज एक स्वतंत्र और खुले हिंद–प्रशांत क्षेत्र की दिशा में भारत के साथ मिलकर काम करने की अपनी इच्छा व्यक्त की। उन्होंने फिलीपींस के चल रहे रक्षा आधुनिकीकरण की तीव्र प्रगति की सराहना की और भारत की बढ़ती स्वदेशी रक्षा क्षमताओं, विशेष रूप से ब्रह्मोस मिसाइल परियोजना की सराहना की। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, मार्कोस ने कहा कि दोनों देश बंदरगाहों पर आवाजाही बढ़ाने, सहयोगात्मक गतिविधियों और समुद्री क्षमता निर्माण के माध्यम से नौसेना और तटरक्षक बल की अंतर–संचालन क्षमता को मजबूत करने पर सहमत हुए हैं। हमने फिलीपींस के चल रहे रक्षा आधुनिकीकरण की तीव्र गति और भारत की बढ़ती स्वदेशी रक्षा क्षमताओं – जिसका उदाहरण हमारी ब्रह्मोस परियोजना है – पर संतोष व्यक्त किया।" उन्होंने शांतिपूर्ण विवाद समाधान और अंतर्राष्ट्रीय क़ानूनों, जिनमें संयुक्त राष्ट्र समुद्री क़ानून सम्मेलन और दक्षिण चीन सागर पर 2016 के मध्यस्थता फ़ैसले शामिल हैं, के पालन में भारत के समर्थन के लिए भी धन्यवाद दिया। "आज, हमारे संबंध एक नए युग में प्रवेश कर रहे हैं क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी और मैं औपचारिक रूप से फिलीपींस–भारत रणनीतिक साझेदारी का शुभारंभ कर रहे हैं – यह एक महत्वपूर्ण निर्णय है जो हमारे 75 साल पुराने संबंधों और भविष्य के लिए साझा दृष्टिकोण को दर्शाता है।"

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार में आज आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता ने जानकारी दी कि संगठनात्मक स्तर पर एक नई टीम का गठन किया गया है। इस टीम में पुराने अनुभवी कार्यकर्ताओं के साथ–साथ कुछ नए चेहरों को भी शामिल किया गया है, जिससे संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। प्रवक्ता ने बताया कि इस नवगठित टीम में छह उपाध्यक्षों को शामिल किया गया है, जिनके नाम इस प्रकार हैं – शीला सिंह, के. रामदास, मोहन हलदार, शेर सिंह, एन. वेंकटरामन और आर. वेणु। इसके अतिरिक्त, पार्टी के महासचिव पद की जिम्मेदारी जी. परमशिवम और तरन्नुम कुमार ढाली को सौंपी गई है। इस मौके पर भाजपा के अंडमान निकोबार इकाई के अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने दोपहर 3 बजे एक विशेष बैठक भी आयोजित की, जिसमें संगठन के आगामी कार्यक्रमों एवं रणनीतियों पर चर्चा की गई। नवगठित टीम से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और सभी को उम्मीद है कि इससे अंडमान निकोबार में पार्टी की जड़ें और मजबूत होंगी।

उपाध्यक्ष– शीला सिंह, के रामदास, मोहन हलदार, शेर सिंह, एन वेंकट रामा, आर विनोद। जनरल सेकेटरी.– जी परमशिवन, तरंगो कुमार ढाली। सेकेटरी– के परमाशिवम, एन के उदय कुमार, मीना चौधरी। सोशल वर्कर सुमीती हलदार, अंशुमन रॉय, नागलक्ष्मी, कोशाध्यक्ष– एस के जैन। जॉइन्ट कोशाध्यक्ष– मनीष अग्रवाल। ऑफिस सेकेटरी– आर देवदास। सोशल मीडिया कनविनर प्रयांक कुमार प्रजापति। आई टी सेल कन्विनर– पी शशि कुमार चीफ। स्पोक पर्सन– जिजिथ रेख। मीडिया कनविनर– एस पी एलांगो। नॉर्थ और मिडिल स्टेट सेल कन्विनर– मोहन विनोद और पूनम अरोरा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक लेख साझा किया जिसमें भारत के कृषि क्षेत्र में स्थिर विकास को गति देने में निरंतर सुधारों और किसान–केंद्रित पहलों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया है। उन्होंने कहा कि यह दृष्टिकोण दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के निर्माण के देश के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप है। यह लेख केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लिखा गया था, जिन्होंने कृषि के आधुनिकीकरण, ग्रामीण आजीविका में सुधार और इस क्षेत्र में दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सरकार के प्रयासों का विस्तार से वर्णन किया।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार कमांड के चीफ दिनेश सिंह राणा ने महावीर चक्र विजेता कैप्टन चंद्र नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर सैनिकों को सम्मानित किया। सन् उन्नीस सौ पैंसठ के भारत–पाकिस्तान युद्ध में पाँच अगस्त को गढ़वाल राइफल्स की दूसरी बटालियन के एक युवा अधिकारी कैप्टन चंद्र नारायण सिंह ने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। उनके असाधारण साहस और राष्ट्र के प्रति समर्पण के लिए उन्हें भारत के दूसरे सर्वोच्च वीरता पुरस्कार महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। उनके बलिदान की साठवीं वर्षगांठ पर आज धर्मशाला में एक सैन्य समारोह का आयोजन किया गया। ये पदक कमांडर–इन–चीफ अंडमान और निकोबार कमांड, लेफ्टिनेंट जनरल दिनेश सिंह राणा द्वारा प्राप्त किए गए, जो गढ़वाल राइफल्स और गढ़वाल स्काउट्स के कर्नल भी हैं।

<><><><><><>

मिट्टी के अवैध खनन और डंपिंग में शामिल व्यक्तियों के ख़िलाफ़ दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन ने कड़ी कार्यवाही की है। टेलराबाद गाँव में एक निरीक्षण के दौरान, राजस्व अधिकारियों ने मिट्टी के खनन और समतलीकरण से जुड़ी अनधिकृत हरकतों का पता लगते ही उल्लंघनकर्ताओं पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। उपायुक्त ने अनाधिकृत खनन, मिट्टी परिवहन और डंपिंग सहित ऐसी अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों को कड़ी चेतावनी जारी की है। मिट्टी और खनिजों के अवैध डंपिंग, खनन या परिवहन से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत जिला नियंत्रण कक्ष को हेल्पलाइन नंबर शून्य तीन एक नौ दो–दो चार शून्य एक दो सात/दो तीन आठ आठ आठ एक/एक शून्य सात शून्य पर या व्हाट्सएप नंबर नौ पांच तीन एक आठ आठ आठ आठ चार चार पर दी जा सकती है। सूचना देने वालों की पहचान पूरी गोपनीयता में रखी जाएगी ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

<><><><><><>

अंडमान और निकोबार होमगार्ड संगठन में होम गार्ड स्वयं सेवकों के रूप में पाँच सौ बयालिस उम्मीदवारों के नामांकन के लिए अंतिम मेरिट सूची प्रकाशित कर दी गई है। सभी चयनित उम्मीदवारों को सात अगस्त को द्वीप समूह के सभी जिलों पर चिकित्सा सत्यापन के लिए रिपोर्ट करने को कहा गया है। दक्षिण अंडमान जिले में श्री विजयपुरम, हट बे, स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप के उम्मीदवार एरिया कमांडेंट कार्यालय, पी.एस पहाड़गांव, गाराचरमा, उत्तर एवं मध्य अंडमान जिले के अभ्यार्थी जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय, मायाबंदर और निकोबार जिले के अभ्यार्थी जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कार निकोबार में आवश्यक दस्तावेजों के साथ रिपोर्ट करे। अभ्यार्थी चिकित्सा परीक्षण के लिए समय पर उपस्थित रहें। अधिक

जानकारी के लिए, उम्मीदवार भर्ती सेल (होमगार्ड), पुलिस रेडियो संगठन भवन, मरीन हिल से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर सकते हैं।

**<><><><><><><>**

ज़िला तैराकी चैंपियनशिप का समय पुनर्निर्धारित किया गया है अब यह प्रतियोगिता नौ और दस अगस्त को श्री विजयपुरम् में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले तैराक अपना पंजीकरण सात अगस्त शाम साढ़े पाँच बजे तक अवश्य करा लें।

**<><><><><><><>**